PUBLIC SCHOOL DARBHANGA

कक्षा - ३

भाषा - बोध (पाठ -२)

गुरुमंत्र - प्रश्नोत्तर

प्र१ दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

क- गुरुजी जमीदार के घर क्यों रुके?

उ० क्योंकि जमीदार उनका शिष्य था।

ख- जमीदार ने अपने बेटे से ही पानी लाने को क्यों कहा?

उ० क्योंकि जमीदार अपने बेटे से ही गुरु जी की सेवा करवा कर उसे धन्य कराना चाहता था।

ग- जमीदार के बेटे की आंख क्यों भर आई?

उ० उसकी आंख इसलिए भर आई क्योंकि उसे जीवन भर के लिए दूसरों की सेवा करने का सही गुरु मंत्र मिल गया था।

प्र०२ एक या दो शब्दो में उत्तर दीजिए।

क- रास्ते में कुछ समय के लिए गुरुजी किसके घर रुके?

उ० जमीदार के घर।

ख- कौन गुरु जी के लिए गिलास में पानी लाया?

उ० जमीदार का बड़ा बेटा।

ग- जमीदार किस की सेवा करना चाहता था?

उ० गुरु जी की।

प्र०३ एक अथवा दो वाक्यों में उत्तर लिखिए।

क- जमीदार गुरुजी का क्या था?

उ० जमीदार गुरुजी का शिष्य था।

ख- जमीदार हाथ जोड़े क्यों खड़ा था?

उ० जमीदार हाथ जोड़े गुरु जी की आज्ञा की प्रतीक्षा में खड़ा था।

ग- गुरु जी की सेवा का अवसर कैसे मिलता है?

उ० गुरु जी की सेवा का अवसर बड़े भाग्य से मिलता है।

प्र०४ दो या दो से अधिक वाक्यों में उत्तर लिखिए।

क- जमीदार की खुशी का ठिकाना ना था। क्यों?

उ० क्योंकि गुरुजी पहली बार उसके घर पधारे थे। और उनकी सेवा का अवसर उसे मिल रहा था।

ख- गुरु जी ने मामूली नौकर से पानी मंगवाने के लिए क्यों कहा?

उ० गुरु जी ने मामूली नौकर से पानी मंगवाने के लिए इसलिए कहा था क्योंकि वह जमीदार के बेटे को सही राह दिखाना चाहते थे।